गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री चिन्तामणि पाणिग्रही) : (क) यह सही है कि न्यायालय संविधान के हिन्दी रूपान्तर को प्रमाणिक नहीं मानते ।

(ख) संविधान का हिन्दी में प्राधिकृत पाठ तैयार करने के उपबंध के लिये संविधान में संशोधन का विधेयक पुरःस्थापित कर दिया गया है ।

पर्यटनों को उद्योग घोषित करना

704. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सातवीं पंचवर्षीय योजनावधि के दौरान पर्यटन को उद्योग घोषित करने के लिए क्या कदम उठाये जा रहें हैं और घरेलू व विदेश पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए इस अवधि के दौरान किन स्थानों का विकास किए जाने की संभावना है ; और

(ख) बिहार में झीलों, पहाड़ियों, जंगलों और गर्म पानी के चश्मों को जिनमें अनेकों देश व विदेश में प्रसिद्ध हैं विकसित करने के कार्य में कितनी प्रगति हुई हैं ?

पर्यटन मंत्री (मुफ्ती मोहम्मद सईद) : (क) राष्ट्रीय विकास परिषद् ने सातवीं पंचवर्षीय योजना के लिए एप्रोच पेपर को अनुमोदित करते समय यह सिफारिश की थी कि पर्यटन को एक उद्योग का उर्जा प्रदान किया जाना चाहिए। इस सिफारिश के अनुकरण में, राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्र प्रशासनों से पर्यटन की उद्योग के रूप में घोषित करने के लिए निरंतर अनुरोध किया जा रहा हैं ताकि जो रियायतें अन्य उद्योगों को उपलब्ध हैं वे पर्यटन से संबद्ध कार्यकलापों पर भी लागू हो सकें। अभी तक हिमाचल प्रदेश, मेघालय , उत्तर प्रदेश अरुणाचल प्रदेश, केरल, आन्ध्र प्रदेश, तमिल नाडु, हरियाणा और बिहार की सरकारों ने पर्यटन को उद्योग के रूप में घोषित किया हैं जबकि उड़ीसा, पश्चिम बंगाल और राजस्थान की सरकारों ने होटल को उद्योग के रूप में घोषित किया हैं ।

एक स्थान को पर्यटक संभाव्यता, एक केन्द्र की यात्रा करने वाले पर्यटकों की संख्या, धन-राशि की उपलब्धता और परपर प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुए, संबंधित राज्य सरकार संघ शासित क्षेत्र के परामर्श से पर्यटन आधार-संरचना का विकास करने के लिए केन्द्रों का चयन किया जाता है। सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान, पर्यटन आधार संरचना का विकास करने के लिए 80–100 केन्द्रों को प्रारंभ करने का प्रस्ताव है।

(ख) पहले से चली आ रही स्कीमें और बिहार में आधार-संरचना का विकास करने के लिए रिलीज की गई धनराशि इस प्रकार हैं–:

(लाख रुपए में)

स्कीम का नाम	स्वीकृत राशि	रिलीज की गई राशि
1. बेतला में सधे हुए हाथी	1.50	1.35
2. हजारीबाग में मिनी बस	2.67	2.40
3. तिलैया बांध के लिए नौकाएं	6.12	6.12
4. बेतला में वन गृह	46.76	40.00
5. गौतम वन का विकास	20.00	18.00
6. राजगीर में अल्पाहार गृह	5.04	2.50
7. मानेर शरीफ में अल्पाहार गृह	3.43	3.00

हीरों आदि का निर्यात

705. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पिछले तीन वर्षों के दौरान हीरों, स्वर्ण भूषणों